दिनांकः 05.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

देश के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक और विचारक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष में आज राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया जा रहा हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर देशभर के शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि आज का दिन युवाओं के विचारों को दिशा देने में शिक्षकों की भूमिका के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर हैं प्रधानमंत्री ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि भी दीं शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित करेंगीं इनमें प्रदेश के दो शिक्षक श्रीगंगानगर से डॉ. बलजिंदर सिंह बराड़ और बीकानेर से हुकम चंद्र चौधरी भी शामिल हैं

इधर, प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह जयपुर में हो रहा हैं इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर चयनित शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान करेंगें समारोह में विद्यार्थियों को टेबलेट दिये जाएंगें इस दौरान शिक्षक सम्मान पुस्तिका और शिविरा का विमोचन भी किया जाएगां शिक्षक दिवस के अवसर पर आज राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले समारोह में राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े शिरकत करेंगें इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में "शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार" दिए जाएंगें

000

चुनाव आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी हैं इसके साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई हैं नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 12 सितम्बर हैं नामांकन पत्रों की जांच 13 सितम्बर को होगीं उम्मीदवार अपना नामांकन 16 सितम्बर तक वापस ले सकेंगें हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों पर चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को वोट डाले जाएंगें मतगणना आठ अक्टूबर को होगीं

000

जैसलमेर के रामदेवरा में आज से बाबा रामदेव मेले की विधिवत शुरूआत हुई भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया पर भरने वाले इस मेले में देश–प्रदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं अल सुबह से ही हाथों में रंग बिरंगी पताकाएं लिए भक्त जयकारों के साथ समाधी स्थल के दर्शन कर रहे हैं मेले में शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस जाब्ता तैनात किया गया हैं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं

बालोतरा में बाबा रामदेव की विश्राम स्थली और मिनी रामदेवरा के नाम से विख्यात बिठुजा धाम में भक्तों की भीड़ उमड़ रही हैं पाली के छोटा रूणेचा धाम में आज सुबह से भक्तों का तांता लगा हुआ हैं इस अवसर पर विशेष श्रृंगार के साथ बाबा की झांकी सजाई गई है और शोभायात्रा निकाली गई यहां शाम को महाआरती और छप्पन भोग के साथ महाप्रसादी और भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगां

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कई स्थानों पर बादल गरजने और कहीं–कहीं बिजली गिरने के साथ हल्की से मध्यम बरसात हुई हैं वहीं पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं पर भारी से अति भारी बारिश हुई मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 14 सेंटीमीटर बारिश बूंदी के नैनवा में रिकॉर्ड हुई भीलवाडा के आसींद और करौली के सपोटरा में 10–10, जोधपुर, भरतपुर के वैर और बाडमेर के सिणधरी में 9–9 और टोंक के देवली में 8 सेंटीमीटर पानी बरसां

इस बीच, आज राजधानी जयपुर में सुबह से ही रुक–रुक कर बरसात का दौर जारी हैं भीलवाड़ा शहर सहित जिलेभर में मूसलाधार बारिश हो रही हैं पाली में भी रिमझिम बारिश का दौर बना हुआ हैं सवाईमाधोपुर जिले में देर शाम से शुरू हुआ रिमझिम बरसात का दौर अभी भी जारी हैं लगातार हो रही बरसात से जिले के कई छोटे–बड़े बांध लबालब हो गए हैं
शाहपुरा जिले में लगातार बारिश के चलते कई तालाब और बांध छलक गए हैं जिले के फूलियाकलां में खारी नदी की पुलिया पर चादर चल रही हैं इससे शाहपुरा–केकड़ी मार्ग अवरुद्ध हो गया हैं फूलियाकलां से कादेड़ा मार्ग भी बंद हैं जिले का नाहर सागर बांध और सांगरिया तालाब पर भी चादर चल रही हैं वहीं कुछ विद्यालयों में बरसात का पानी घुस जाने से छुट्टी करनी पड़ीं केकड़ी क्षेत्र में भारी बारिश के चलते खारी और मानसी नदियां उफान पर हैं इससे भीलवाडा–केकडी मार्ग अवरुद्ध हैं

000